<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

15 सितंबर, 2015

रणदीप सिंह सुरजेवाला, मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आज प्रेस को निम्नलिखित बयान जारी किया है:–

''आरटीआई के जबाव और समाचार पत्रों की खबर से स्पष्ट है, कि मोदी सरकार ने मनमानी निर्ल्लजता से भूतपूर्व प्रधानमंत्रियों, श्रीमति इंदिरा गांधी व श्री राजीव गांधी के सम्मान में प्रकाशित डाक टिकट बंद करने का घिनौना निर्णय लिया है। यह स्पष्ट सबूत है, कि प्रधानमंत्री– श्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार व्यक्तिगत नफरत की हवस में छोटे स्तर के कुत्सित कार्य करने पर उतर आए हैं। बेशर्मी की हद यहां तक पहुंच गई है, कि देश के दो शहीद प्रधानमंत्रियों की स्मृति मिटाने के प्रयास में मोदी सरकार किसी कीमत तक भी नीचे गिरने को तैयार है।

इससे पहले भी मोदी सरकार ने दो पुरस्कारों– 'इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार' और 'राजीव गांधी राष्ट्रीय ज्ञान–विज्ञान पुस्तक लेखन पुरस्कार' के नाम बदलकर उनमें से क्रमशः श्रीमति इंदिरा गांधी और श्री राजीव गांधी के नाम हटा दिए थे। हाल में ही नेहरु मेमोरियल म्यूज़ियम और लाईब्रेरी जैसी ऐतेहासिक संस्था में से पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम मिटाने हेतु आमूलचूल परिवर्तन करने की एक सस्ती कोशिश सरकार द्वारा की गई। इस प्रकार के निंदनीय कार्यों के माध्यम से भाजपा–आरएसएस के विघटनकारी गठबंधन ने श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में स्वतंत्रता संग्राम और उसके बाद राष्ट्रनिर्माण और त्याग की निस्वार्थ विरासत का अपमान करने की कोशिश की है, क्योंकि भाजपा या आरएसएस ने कभी भी स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी ही नहीं की।

हमारे अनेकों महान राष्ट्रनिर्माताओं, जैसे कि महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, बाबा साहेब अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, नेता जी सुभाषचंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री व अन्य महान नेताओं की तरह इंदिरा जी और राजीव जी सदैव भारत के 125 करोड़ लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। वे भारत की आत्मा और अस्तित्व का अभिन्न हिस्सा हैं।

भारत के लोगों को यह बताने की आवश्यकता नहीं कि दोनों प्रधानमंत्रियों, इंदिरा जी और राजीव जी ने देश में अनेकों उपलब्धियों के मील पत्थर स्थापित किए। भारत को 21 वीं सदी की सुपर पॉवर बनाने का नया रूप दिया। भारतीय अखंडता व एकता को बनाए रखने का आजीवन प्रयास किया और इसी प्रयास में देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान भी दिया। वे केवल कांग्रेस पार्टी के नेता नहीं थे, बल्कि वो समूचे देश एवं देश के लोगों के निर्विवाद नेता थे।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मोदी सरकार के द्वारा सेवा एवं त्याग की भारतीय विरासत की कहानी को मिटाने के दुर्भावनायुक्त प्रयासों की कड़ी निंदा करती है। इस देश के लोग सरकार को प्रतिशोध की इस घिनौनी राजनीति के लिए कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी और इसके कार्यकर्ता भारत की जनता के साथ सरकार के इस कुत्सित प्रयास के खिलाफ सड़क पर आंदोलन करेंगे।''

रणदीप सिंह सुरजेवाला